राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन(
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

F No. NTA/Admin/RR/2020 18.01.2021

# अधिसूचना

## नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) में विभिन्न पदों पर भर्ती

सभी संबद्ध जनों की जानकारी हेतु, यह अधिसूचित किया गया है कि **एनटीए** के सक्षम प्राधिकारी ने, **एनटीए के निम्नलिखित रिक्त पदों** को **प्रतिनियुक्ति/अल्पावधि अनुबंध/अनुबंध**, आधार पर 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए भरने का निर्णय लिया है, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है:

| क्रम सं० | पद का नाम | अनुबंध पद | प्रतिनियुक्ति पद | कुल रिक्तियों |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त निदेशक (ग्रुप ए) | 2 (UR-2) | 2 | 4 |
| 2 | उपनिदेशक (ग्रुप ए) | 2 (UR-2) | 2 | 4 |
| 3 | सहायक निदेशक (ग्रुप ए) | 2 (UR-2) | 1 | 3 |
| 4 | वरिष्ठ प्रोग्रामर (ग्रुप ए) | 1 (UR-1) | 1 | 2 |
| 5 | प्रोग्रामर (ग्रुप ए) | 1 (UR-1) | 2 | 3 |
| 6 | वरिष्ठ अधीक्षक / वरिष्ठ अधीक्षक (लेखा) (ग्रुप बी) | 3 (UR-3) | 3 | 6 |
| 7 | आशुलिपिक (ग्रुप बी) | 6 (UR-5,OBC-1) | 3 | 9 |
| 8 | वरिष्ठ सहायक / वरिष्ठ सहायक (लेखा ) (ग्रुप बी) | 3 (UR-3) | 3 | 6 |
| 9 | सहायक/सहायक (लेखा) (ग्रुप सी) | 8 (UR-5,OBC-2,SC-1) | 0 | 8 |
| 10 | कनिष्ठ सहायक/ कनिष्ठ सहायक (लेखा) (ग्रुप सी) | 3 (UR-3) | 0 | 3 |
| 11 | वरिष्ठ तकनीशियन (ग्रुप बी) | 2 (UR-2) | 1 | 3 |
| 12 | कनिष्ठ तकनीशियन (ग्रुप सी) | 5(UR-4, OBC-1) | 0 | 5 |
| 13 | अनुसंधान वैज्ञानिक 'ए' (समूह ए) | 1 (UR-1) | 0 | 1 |
| 14 | अनुसंधान वैज्ञानिक 'सी' (समूह ए) | 1 (UR-1) | 0 | 1 |
| | कुल | 40 | 18 | 58 |

2. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली में, उपरोक्त संदर्भित रिक्तियों को भरने हेतु **प्रासंगिक अकादमिक/कार्य अनुभव रखने वाले** भारतीय नागरिकों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित किए जाते हैं । ऑनलाइन आवेदन, शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य पात्रता मानदंडों से **संबंधित विवरण**, एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट www.nta.ac.in पर प्रेषित किए गए हैं ।

**3. ऑनलाइन आवेदन कैसे करें:-**

3.1. योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों को **एनटीए वेबसाइट** www.nta.ac.in पर 18 .01.2021 से 18 .02.2021 तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा: मैनुअल/पेपर सहित आवेदन का, कोई भी अन्य तरीका स्वीकार्य नहीं होगा । ऑनलाइन आवेदन जमा करने की चरणबद्ध प्रक्रिया **अनुलग्नक के रूप में** संलग्न है।

3.2. **प्रति उम्मीदवार केवल एक ही आवेदन स्वीकार्य है** । आवेदन शुल्क जमा करने या ऑनलाइन फॉर्म को अंतिम रूप से जमा करने से पहले, ऑनलाइन आवेदन पत्र में, प्रविष्ट किए गए विवरणों को संपादित/संशोधित किया जा सकता है। **प्रविष्ट विवरणों को**, अंतिम रूप से जमा किए जाने के बाद ,किसी भी परिस्थिति में, बदला नहीं जा सकता है। इसलिए उम्मीदवारों को दृढ़तापूर्वक यह सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में उनके द्वारा भरे गए **ब्योरे एवं विवरण** सही हैं । ध्यातव्य है कि, **असत्य घोषणाएँ**, इस भर्ती प्रक्रिया में, उम्मीदवार की पात्रता को प्रभावित करेंगी ।

3.3. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे सभी पात्रता मानदंडों को पूरा कर रहें हों ।

3.4. **अपूर्ण ऑनलाइन-आवेदन** को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा।

3.5. एक बार भुगतान हो जाने के बाद, उम्मीदवारों को अपने **ई-रसीद और ऑनलाइन आवेदन पत्र** की एक फोटोकॉपी डाउनलोड करके सुरक्षित रखनी चाहिए क्योंकि उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन या चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, संदर्भ के तौर पर, प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है ।

3.6. अंतिम क्षण की भीड़ एवं दबाव से बचने के लिए उम्मीदवारों को, अपने ऑनलाइन आवेदनों और/या आवेदन शुल्क का भुगतान,जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि से पहले ही, दृढ़तापूर्वक सुनिश्चित करना चाहिए ।

3.7. उम्मीदवारों के साथ, सभी तरह के पत्राचार, उनके द्वारा प्रदान की गई उनकी **पंजीकृत ई-मेल आईडी** पर ही किया जाएगा। परीक्षा की सारणी/प्रवेश पत्र आदि के संबंध में सभी जानकारी **ईमेल और/या एनटीए वेबसाइट** पर अपलोड करके प्रदान की जाएगी ।

3.8. उम्मीदवारों को, **एनटीए के पास,** किसी भी तरह के **दस्तावेज़,** भेजने की आवश्यकता नहीं है।

4. <u>पात्रता:</u> एनटीए की वेबसाइट पर अपलोड किए गए लिंक में, प्रत्येक पद के लिए **प्रयोज्य आवश्यक और वांछनीय योग्यता/अनुभव, आयु सीमा** की सूचना प्रदान की गई है। **आयु संबंधी पात्रता मानदंड** निर्धारित करने के लिए,कट- ऑफ तिथि, आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि होगी यानी (**18.02.2021**) । प्रत्येक पद के लिए उल्लिखित **अधिकतम आयु UR श्रेणी** के लिए है। **आयु मानदंडों में SC/ST/OBC/EWS आदि को मिलनेवाली छूट, भारत सरकार के संबंधित मानदंडों के अनुसार** प्रदान की जाएगी।

5. **रिक्तियां:** दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या **संभावित-प्रकृति** की है। आवश्यकतानुसार, इन रिक्तियों में वृद्धि /घटाव किया जा सकता है। तदानुसार, **एनटीए के पास**, बिना किसी पूर्व सूचना या उससे संबंधित कोई भी कारण बताए बिना **विज्ञापित रिक्तियों** की संख्या को **सीमित/विस्तार/संशोधित/परिवर्तन** करने का अधिकार सुरक्षित है। अधिसूचित रिक्तियों के अलावा, मनोनयन की तारीख से एक वर्ष के भीतर उत्पन्न होने वाली अप्रत्याशित रिक्तियों हेतु उम्मीदवार का एक पैनल भी तैयार किया जाएगा।

6. **संवीक्षा/चयन का तरीका:** प्रतिनियुक्ति एवं अल्पावधि अनुबंध (ग्रुप ए/बी/सी) के सभी पदों के लिए निर्धारित, उम्मीदवारों की **संवीक्षा/चयन**,उनकी **योग्यता और कार्य अनुभव** के आधार पर किया जाएगा, जो कि योग्यता परीक्षा-सह-व्यक्तिगत साक्षात्कार के अधीन होगा (1:5 के अनुपात में, केवल वे ही उम्मीदवार चयनित होंगे)।

   अनुबंध-आधारित भर्ती के संदर्भ में, **विशेष पदों के लिए** आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर संवीक्षा/चयन की पद्धति तय की जाएगी, जिसे सभी संबंधितों की जानकारी के लिए, बाद के चरण में अधिसूचित किया जाएगा। यदि, उम्मीदवारों की संख्या, संविदा के आधार पर भर्ती के लिए निर्धारित रिक्त पदों की संख्या से (5) गुना अधिक है, तो पहले, लिखित परीक्षा के माध्यम से उन (पद की संख्या से 5 गुना)उम्मीदवारों में से योग्य का चयन किया जाएगा और फिर साक्षात्कार के माध्यम से वे, आवश्यतानुसार, चयनित किए जाएंगे।

   <u>चयन की पद्धति इस प्रकार होगी :</u>

| क्रम सं० | पदों की श्रेणियां | अंकन योजना (%) | |
|---|---|---|---|
| | | लिखित परीक्षा | व्यक्तिगत साक्षात्कार-सह-पात्रता परीक्षा |
| 1. | सभी पद प्रतिनियुक्ति/अल्पावधि संविदा पर नियुक्ति के लिए निर्धारित | 0 | 100 |
| 2. | सभी पद अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए निर्धारित (ग्रुप-सी) | 100 | 0 |
| 3. | सभी पद अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए निर्धारित 3 (ग्रुप-ए & बी) | 70 | 30 |

**लिखित परीक्षा के विवरण को**, बाद में, **एनटीए** की आधिकारिक वेबसाइट पर, अधिसूचित किया जाएगा।

7. **आरक्षण: SC/ST/OBC/EWS श्रेणियों** के लिए आरक्षण, समय-समय पर संशोधित, भारत सरकार की प्रचलित आरक्षण नीति के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

8. **आवेदन शुल्क: (अनुबंध आधार पर नियुक्ति हेतु)** सभी पदों के लिए आवेदन शुल्क, **UR/OBC/EWS** के लिए **1600** रुपये और **SC/ST/PwD** श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए **800** रुपये होगा। सभी पदों के लिए आवेदन शुल्क **(प्रतिनियुक्ति/अल्पावधि अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए)** सभी श्रेणियों के लिए **100 रुपये** होगा। **डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से ICICI** पेमेंट गेटवे का उपयोग करके शुल्क का भुगतान किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।

9. एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर,दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18.02.2021 { शाम 5:00 बजे} है।

10. चयनित उम्मीदवारों के **लिखित परीक्षा/ व्यक्तिगत साक्षात्कार की तिथि, एनटीए** की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी । इस प्रकार, इच्छुक उम्मीदवारों को **प्रासंगिक अद्यतन के लिए** समय-समय पर, वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है। आवश्यकतानुसार, लिखित परीक्षा की पाठ्यक्रम/योजना, एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रेषित की जाएगी ।

11. यह, **एनटीए के सक्षम प्राधिकारी** के अनुमोदन से जारी किया गया है।

(डॉ. टी. गीतचंद्र शर्मा)
**संयुक्त निदेशक (प्रशासन)**

**कॉपी करने हेतु :**

1. पी एस, चेयरमैन, एनटीए
2. पी ए, महानिदेशक, एनटीए
3. वरिष्ट निदेशक ( परीक्षा एवं अनुसंधान), एनटीए
4. निदेशक, एनटीए
5. संयुक्त निदेशक, एनटीए
6. वेब मैनेजर, एनटीए

अनुलग्नक

## एनटीए में भर्ती हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया

1. एनटीए भर्ती पोर्टल यानी https://jobs.nta.ac.in की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।
2. **"Register"** बटन पर क्लिक करें।
3. यदि आप प्रथामागत उपयोगकर्ता (First Time User) हैं, तो **"Signup here"** लिंक पर क्लिक करें।
4. इसे भरने के बाद रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करें।
5. अपने पंजीकृत ईमेल और मोबाइल पर प्राप्त OTP दर्ज करें।
6. अपने पंजीकृत ईमेल/मोबाइल नंबर और पासवर्ड का उपयोग करके **Login** करें (पासवर्ड के लिए पंजीकृत ईमेल की जांच करें)।
7. **"Profile"** टैब पर क्लिक करें और अपना विवरण अपडेट करें ।
   I. व्यक्तिगत विवरण
   II. पता
   III. शिक्षा
   IV. कार्यानुभव
   V. अनुसंधान एवं प्रकाशन
   VI. तस्वीर एवं हस्ताक्षर
8. उपलब्ध रिक्तियों के लिए आवेदन करने हेतु , **"Active Jobs"** टैब पर जाएं और उपयुक्त पदों के लिए **आवेदन** करें ।
9. **"Self-Declaration"** स्वीकार करें और **"pay and apply now"** बटन पर क्लिक करें ।
10. **"Terms and condition"** स्वीकार करें और **"proceed to pay"** पर क्लिक करें ।
11. भुगतान विकल्प (नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या यूपीआई) चुनें और शुल्क का भुगतान करें।
12. **सफल शुल्क- भुगतान** के बाद, आप अपने आवेदन को देखने के लिए **"Applied Jobs"** पर जा सकते हैं।